बालकृष्ण नायडू जोन क्रमांक 4 के होंगे प्र सहायक राजस्व अधिकारी, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जारी किया आदेश

भिलाई नगर/ कार्यालयीन व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादन करने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों के स्थानों में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने फेरबदल करते हुए मलखान सिंह सोरी राजस्व निरीक्षक को जोन क्रमांक 4 से स्थानांतरित करते हुए जोन क्रमांक 5 का प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी, प्रकाश अग्रवाल राजस्व निरीक्षक तोड़फोड़ को राजस्व विभाग से स्थानांतरित करते हुए जोन क्रमांक 1 का प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी, अनिल मेश्राम राजस्व निरीक्षक को जोन क्रमांक 5 से स्थानांतरित करते हुए जनगणना विभाग मुख्य कार्यालय, बालकृष्ण नायडू डाटा एंट्री ऑपरेटर को जोन क्रमांक 1 से स्थानांतरित करते हुए जोन क्रमांक 4 में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के कार्य के लिए पदस्थ किया गया है!